भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 4372

(दिनांक 30.03.2022 को उत्तर के लिए)

केन्द्र सरकार की नौकरियों में अल्पसंख्यक

4372. डॉ. संजीव कुमार शिंगरी :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत दो वर्षों के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा भर्ती किए गए अल्पसंख्यक समुदायों के व्यक्तियों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) केन्द्र सरकार की नौकरियों में नियोजित सभी अल्पसंख्यक समुदायों के व्यक्तियों का प्रतिशत कितना है;

(ग) क्या गत पांच वर्षों के दौरान सरकारी नौकरियों में अल्पसंख्यकों के प्रतिशत में कोई परिवर्तन हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) से (घ) : भारत सरकार ने अल्पसंख्यकों के समग्र अर्थिक सशक्तिकरण में सुधार लाने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। इनमें से अधिकांश योजनाएं, निजी क्षेत्र और सार्वजनिक क्षेत्र दोनों में अल्पसंख्यक विद्यार्थियों की नियोजनीयता में सुधार लाने का लक्ष्य रखती हैं। केंद्र सरकार द्वारा मौजूदा वर्ष में भर्ती किए गए अल्पसंख्यक उम्मीदवारों से संबंधित सूचना संकलित की जा रही है।

*****